संपादकीय

बाजार में बेजार और मन की परवाज

कभी लगता है कि इस मुल्क में उम्रदराज हो रहे लोगों के साथ सलूक सही नहीं हो रहा है। पचास के पार पहुंचे सुपर स्टार शाहरुख खान आजकल एक कोचिंग सेंटर, एक सब्जी वगैरह बेचने की ऑनलाइन दुकान, एक कार, एक गोरा बनाने वाली ीम और एक डायरेक्ट टू होम सेवा के इश्तिहार में ही दिखायी पड़ते हैं। कभी शाहरुख खान कोल्ड ड्रिंक से लेकर मोबाइल सेवाओं के इश्तिहारों में दिखते थे।

शाहरुख खान इस वक्त जिन इश्तिहारों में दिख रहे हैं, वो इश्तिहार उनकी आयु से जुड़ी चिंताओं को रेखांकित करते हैं। पचास पार का बंदा अगली पीढ़ी की पढ़ाई-लिखाई को लेकर बहुत चिंतित रहता है। सो वह एक कोचिंग सेंटर का इश्तिहार करते हैं। पचास पार का बंदा सब्जी वगैरह के भावों को लेकर बहुत सेंसिटिव हो जाता है। पचास पार वाला बंदा आमतौर पर इस चिंता में गिरफ्तार रहता है कि अब देश बचाने की उम्र तो निकल गयी, अब तो अपनी जेब की अठन्नी-चवन्नी बचा ले तो बहुत है। सस्ती सब्जियां कहां मिलें, इस पर शाहरुख खान राष्ट्र का मार्गदर्शन करें, तो भी समझ में आता है।

पचास पार के बंदे को आमतौर पर कोई सुनता नहीं है। नौजवान इसलिए नहीं सुनते कि अब तो इनकी उम्र हो गयी है, वही पुरानी घिसी-पिटी बातें करेंगे। सत्तर पार के बुजुर्ग पचास वाले बंदे की यूं न सुनते कि अभी देखा ही क्या है इसने। बुजुर्गियत का कोई तजुर्बा ही नहीं है इसके पास। कुल मिलाकर पचास का बंदा बे-ग्रुप हुआ टहलता है तो टीवी पर अपना टाइम खल्लास करता है। सो शाहरुख खान उस डायरेक्ट टू होम टीवी चैनल दिखाने वाली कंपनी का इश्तिहार करते हैं, तो भी समझ में आता है। पर पचास के पार के बंदे का मन भी करता है कि वह कोई बाइक चला ले। कोई बाइक वाला शाहरुख खान को अपने इश्तिहारों में लेता ही नहीं।

मैं सोचने लगता हूं कि बुजुर्ग होते बंदों के साथ इस समाज में न्याय नहीं हो रहा है। तब ही सामने अमिताभ बच्चन आ जाते हैं। जो जाने क्या-क्या बेचते दिख जाते हैं। कल्याण ज्वेलर्स से गहने खरीदो-यह अमिताभ बच्चन बताते हैं। फिर आगे अमिताभ बच्चन यह भी बताते हैं कि मुथूट गोल्ड लोन कंपनी के पास यह सोना गिरवी रखकर कर्ज लिया जा सकता है, फिर कर्ज लेकर कुछ दिन तो गुजारिये गुजरात में-के अभियान पर निकला जा सकता है। अमिताभ बच्चन के पास पूरी योजना है-सोना क्यों खरीदो, कहां गिरवी रखो और कर्ज लेकर क्या करो, सब बताते हैं।

अमिताभ बच्चन को देखकर नहीं लगता कि बुजुर्गों के साथ कोई अन्याय हो रहा है। बल्कि उन्हें देखकर तो लगता है कि इस मुल्क के रोजगार के सारे मौके बुजुर्गों के पास ही हैं। सोचता हूं अमिताभ बच्चन से अपील करूं कि सब कुछ अकेले न बेचिये, कुछ आइटम बेचने के लिए शाहरुख खान और अभिषेक बच्चन को दीजिये। रोजगार के अवसरों में समानता जरूरी है।

भारतीय रेलवे ने घोषित की दो नई गाड़ियों की सेवाएं, यात्रियों के लिए जानना हैं जरूरी

नई दिल्ली। रेल यात्रियों की मांग को देखते हुए रेलवे ने उदयपुर सिटी से पाटलीपुत्र के बीच एक साप्ताहिक हमसफर रेलगाड़ी चलाने की घोषणा की है. वहीं हजूर साहिब नंदेड से जम्मूतवी के बीच भी एक नई साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी का नियमित संचालन करने की घोषणा की गई है.

उदयपुर सिटी से पाटलीपुत्र के लिए हमसफर एक्सप्रेस

उदयपुर सिटी से पाटलीपुत्र के बीच साप्ताहिक हमसफर रेलगाड़ी चलाने की घोषणा हुई है. यह रेलगाड़ी 10 अक्तूबर से प्रत्येक बुधवार को उदयपुर सिटी से दोपहर 12.20 बजे चलेगी. अगले दिन रात 09.15 बजे यह गाड़ी पाटलीपुत्र पहुँचेगी. वापसी में यह गाड़ी 12 अक्टूबर से प्रत्येक शुक्रवार को पाटलीपुर से रात 00.10 चल कर अगले दिन सुबह 08.20 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी. इस रेलगाड़ी में 16 एसी 3 टीयर के डिब्बे लगाए जा रहे हैं. उदयपुर सिटी-पाटलीपुत्र-उदयपुर सिटी साप्ताहिक हमसफर रास्ते में मावली, चंदेरिया, बूंदी, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर जंग्शन, अछनेरा, मथुरा जंग्शन, हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रूखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, वाराणसी,

पंडित दीन दयाल उपाध्याय (मुगलसराय) बक्सर, आरा तथा दानापुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी.

नांदेड के लिए साप्ताहिक एक्सप्रेस

हजूर साहिब नंदेड से जम्मूतवी के बीच एक साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलाई गई है. यह रेलगाड़ी 12 अक्टूबर से प्रत्येक शुक्रवार को हजूर साहिब नंदेड से सुबह 10.30 बजे चलेगी.

अगले दिन रात 11.30 बजे यह गाड़ी जम्मूतवी पहुंचेगी. वापसी में यह रेलगाड़ी 14 अक्टूबर से प्रत्येक रविवार को जम्मूतवी से सुबह 07.25 बजे चल कर अगले दिन रात 08.45 बजे हजूर साहिब नंदेड पहुंचेगी. इस रेलगाड़ी में 16 एसी थ्री टीयर के डिब्बे लगाए गए हैं. रास्ते में यह रेलगाड़ी पूरना, बसमत, हिंगोली, वासीम, अकोला, मलकापुर, इटारसी, हबीबगंज, बीना, झाँसी, ग्वालियर, आगरा छावनी, मथुरा जंग्शन, नई दिल्ली, अम्बाला छावनी, लुधियाना, जलंधर छावनी तथा पठानकोट छावनी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी.

डीजल की कीमतों में आज फिर लगी आग, पेट्रोल के दाम स्थिर

नई दिल्ली। बुधवार को पेट्रोलियम कंपनियों ने डीजल की कीमतें फिर से बढ़ा दीं। आज सुबह 6 बजे जारी की गई नई कीमतों के अनुसार दिल्ली में डीजल 24 पैसे और मुंबई में 25 पैसे महंगा हो गया है। वहीं दूसरी ओर पेट्रोल की कीमतों में बदलाव नहीं किया गया है। बुधवार को भी पेट्रोल कल की कीमतों पर ही मिलेगा।तेल विपणन कंपनियों द्वारा बुधवार के लिए जारी की गई कीमतों के मुताबिक दिल्ली में डीजल की कीमतें बढ़कर 74.35 रुपए हो गई हैं। आज इसकी कीमतें 24 पैसे बढ़ी हैं। वहीं आर्थिक राजधानी मुंबई में 1 लीटर डीजल के लिए 77.93 रुपए खर्च करने होंगे। दूसरी ओर पेट्रोल आपको आज मंगलवार की कीमतों पर ही मिलेगा। आज भी दिल्ली में पेट्रोल की कीमतें 82.26 रुपए प्रति लीटर रिकॉर्ड की गईं। वहीं एक्स्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल के लिए आपको 85.06 रुपए खर्च करने होंगे।

मुंबई की कीमतों की बात करें तो यहां पर आज पेट्रोल 87.73 रुपए प्रति लीटर की दर से मिलेगा। यहां एक्स्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल के लिए 90.47 रुपए खर्च करने होंगे।

रुपये की मजबूत शुरुआत, डॉलर के मुकाबले 24 पैसे मजबूत

नई दिल्ली। इस कारोबारी हफ्ते के तीसरे दिन रुपये ने डॉलर के मुकाबले मजबूत शुरुआत की है. बुधवार को एक डॉलर के मुकाबले रुपये में 24 पैसे की बढ़त है. इस बढ़त के साथ रुपया 74.15 के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इससे पहले मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड गिरावट के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ था. मंगलवार को यह पहली बार डॉलर के मुकाबले 74.39 के स्तर पर बंद हुआ था. यह पहली बार था जब रुपया इस स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ.

भारतीय रेल कर्मचारियों को मिलेगा इतने दिनों का बोनस, आज की जाएगी घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के कर्मचारियों के लिए उत्पादकता आधारित 78 दिन के बोनस की घोषणा बुधवार को होने की संभावना है. रेल कर्मियों को बोनस के तौर पर लगभग 17,950 रुपए मिलेंगे. इस बोनस का लाभ रेलवे के करीब 12 लाख नॉन गजटेड कर्मचारियों को मिलेगा. त्योहारों के पहले बोनस मिलने से रेल कर्मियों के लिए त्योहारों में खरीददारी के बेहतर मौके होंगे. हालांकि रेलवे के कर्मचारी संगठन इस बोनस बो बेहद कम बता रहे हैं.

78 दिनों का मिलेगा बोनस

ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने बताया कि सरकार को रेल कर्मियों को मिलने वाले बोनस के फार्मूले को तत्काल बदलने की जरूरत है. रेल कर्मियों को 78 दिन के बोनस के तौर पर 17950 रुपये मिल रहा है. ये न्यूनतम मजदूरी से भी कम है. आज के समय में एक महीने की न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये है. वहीं पब्लिक सेक्टर में प्रति दिन के वेतन के हिसाब से बोनस बनता है.

अमेजन और फ्लिपकार्ट मे शुरू हुई महासेल, इन स्मार्टफोन पर हैं सबसे बड़े ऑफर्स

नई दिल्ली। नवरात्रि के त्योहार की शुरुआत के साथ ही ऑनलाइन बाजार में भी महासेल का दौर शुरू हो गया है। देश के दो ईकॉमर्स दिग्गज अमेजन और फ्लिपकार्ट ने आज से अपनी-अपनी सेल शुरू कर दी हैं। अमेजन ने जहां अपने प्राइम कस्टमर्स के लिए ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (Great Indian Festival) सेल 9 अक्टूबर से ही शुरू कर दी थी। वहीं सबसे बड़ी ईकॉमर्स साइट फ्लिपकार्ट ने 10 अक्टूबर से अपनी बिग बिलियन डेज सेल शुरू की है। फ्लिपकार्ट की यह सेल जहां 14 अक्टूबर तक है, वहीं अमेजन 15 अक्टूबर तक यह सेल जारी रखेगा। दोनों ही कंपनियों इस सेल के लिए जबर्दस्त प्रचार कर रही हैं, जहां अमेजन नो कॉस्ट ईएमआई जैसी स्कीम का प्रचार कर रहा है। वहीं फ्लिपकार्ट अमिताभ बच्चन और विराट कोहली जैसे सितारों के साथ अपनी सेल का प्रचार कर रही है। बता दें कि फ्लिपकार्ट की सेल में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स की सेल 11 अक्टूबर से शुरू होगी। वहीं आज ग्राहक फैशन, टीवी एवं होम एप्लाइंसेस, होम फर्नीचर आदि सेगमेंट के आइटम पर भारी छूट हासिल कर सकते हैं।

अमेजन पर ये हैं बड़े ऑफर

अमेजन हर साल की तरह इस साल भी बड़े ऑफर्स लेकर आई है। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल में 6000 रुपए के प्रोडक्ट की बिक्री पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा कैशबैक मिल रहा है। यह ऑफर कैश ऑन डिलिवरी पर लागू नहीं है। इसके साथ ही एसबीआई के डेबिट या क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने पर 10 प्रतिशत का इंस्टैंट डिस्काउंट मिलेगा। यहां पर डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड पर नो कॉस्ट ईएमआई मिल रही है। साथ ही शानदार एक्सचेंज ऑफर भी हैं।

आईफोन पर 22000 की छूट

अमेजन सेल इस बार आपका आईफोन एक्स खरीदने का सपना पूरा कर सकती है। सेल में आईफोन एक्स 69999 रुपए में उपलब्ध है, जबकि इसकी कीमत 91900 है। वहीं 34999 रुपए का वनप्लस 6 29999 रुपए में उपलब्ध है। सैमसंग के गैलेक्सी एस 9 पर भी करीब 20000 हजार की छूट मिल रही है।

विराट कोहली हैदराबाद टेस्ट में कर सकते हैं पाकिस्तान के इस क्रिकेट के रिकॉर्ड की बराबरी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में बड़ी जीत हासिल करने के बाद विराट कोहली की भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में क्लीन स्वीप इरादे से उतरेगी. दो टेस्ट मैच की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 12 अक्टूबर से हैदराबाद में खेला जाना है. टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली इस मैच में पाकिस्तान के इंजमाम-उल-हक के शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं. विराट के टेस्ट क्रिकेट में इस समय 24 शतक हैं. यदि वे हैदराबाद में शतक जमाने में सफल रहे तो पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज और कप्तान रह चुके इंजमाम-उल-हक के 25 टेस्ट शतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे. 29 वर्षीय विराट ने अब तक 72 टेस्ट खेलकर 24 शतक बनाए हैं. उन्होंने 54.66 के बेहतरीन बल्लेबाजी औसत से 6286 रन बनाए हैं. दूसरी ओर, इंजमाम ने 120 टेस्ट मैच खेलकर 49.60 के औसत से 8830 रन बनाए थे.

टेस्ट क्रिकेट में शतक बनाने के मामले में विराट कोहली इस समय 21वें स्थान पर हैं. टेस्ट मैचों में सर्वाधिक शतक (51)भारत के ही सचिन तेंदुलकर के नाम पर हैं. सचिन ने 200 टेस्ट मैच खेलकर 53.78 के औसत से 15 हजार 921 रन बनाए हैं. दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कालिस ने 166 टेस्ट में 45 शतक बनाए हैं और वे इस मामले में दूसरे स्थान पर हैं. ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग 168 टेस्ट में 41 शतक के साथ तीसरे, श्रीलंका के कुमार संगकारा 134 टेस्ट में 38 शतक के साथ चौथे और भारत के राहुल द्रविड़ 164 टेस्ट मैच में 36 शतक के साथ पांचवें स्थान पर हैं. पाकिस्तान के यूनुस खान, भारत के सुनील गावस्कर, वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा और श्रीलंका के महेला जयवर्धने के नाम टेस्ट मैचों में 34-34 शतक हैं. भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद क्रिकेट से संन्यास लेने वाले इंग्लैंड के एलिस्टर कुक ने 161 टेस्ट में 33 शतक लगाए हैं.

गोल्ड मेडल विजेता देवेन्द्र झाझरिया सोच रहे हैं संन्यास के बारे में

नई दिल्ली। भारत के सबसे सफल पैरा एथलीटों में से एक देवेन्द्र झाझरिया ने कहा कि कंधे की चोट के कारण वह मौजूदा एशियाई पैरा खेलों के बाद संन्यास लेने पर विचार कर सकते है. 37 साल के इस भालाफेंक पैरा खिलाड़ी ने 2004 एथेंस पैरालंपिक खेलों में गोल्ड मेडल हासिल किया और फिर 2016 में रियो ओलंपिक में विश्व रिकॉर्ड के साथ अपनी इस सफलता को दोहराने में सफल रहे.

झाझरिया ने जकार्ता से दिए एक इंटरव्यू में बताया, ''मैं एशियाई पैरा खेलों के बाद अपने परिवार, कोच और दोस्तों से बात करके संन्यास लेने पर विचार करुंगा. मुझे यह विचार इस लिए आया क्योंकि मैं पिछले 18 महीने से कंधे की चोट से जूझ रहा हूं.'' उन्होंने कहा, ''मेरे कंधा चोटिल है और मैं उससे पूरी तरह से उबरने में सफल नहीं रहा हूं. मुझे यहां 11 अक्टूबर को प्रतियोगिता में भाग लेना है और जब भारत वापस जाऊंगा तो संन्यास के बारे में सोचूंगा.'

उनसे जब 2020 पैरालंपिक में खेलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''जैसा मैंने पहले कहा, मैं एशियाई खेलों के बाद ही यह फैसला कर सकता हूं कि 2020 तक खेल पाउंगा हूं या नहीं. तोक्यो में होने वाले पैरालंपिक के समय मेरी उम्र लगभग 40 साल होगी. इसलिए कोई फैसला लेने से पहले मुझे इससे से जुड़े लोगों से सलाह लेनी होगी.'' झाझरिया ने पैरालंपिक में दो स्वर्ण जीतने के साथ देश का सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार भी हासिल किया है. उन्होंने कहा, ''मैंने 1995 में सामान्य एथलीटों के साथ खेलना शुरू किया. 2002 में पैरा एथलेटिक्स में मेरा करियर बुसान एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ शुरू हुआ.

पाकिस्तान के खिलाफ मुश्किल में ऑस्ट्रेलिया, अपने पहले ही टेस्ट में 6 विकेट के साथ छाए बिलाल आसिफ

यूएई। पाकिस्तान ने दूसरी पारी में खराब शुरुआत के बावजूद पहले टेस्ट में मंगलवार को अपनी स्थिति मजबूत कर ली. अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे ऑफ स्पिनर बिलाल आसिफ ने छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को मुश्किल में डाल दिया. बिलाल ने 36 रन देकर 6 विकेट चटकाए और ऑस्ट्रेलियाई पारी के पतन में अहम भूमिका निभाई. ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 142 रन था, लेकिन उसने 60 रनों के अंदर सभी दस विकेट गंवा दिए और इस तरह से उसकी टीम 202 रन पर ढेर हो गई.अपनी पहली पारी में 482 रन बनाने वाले पाकिस्तान को इस तरह से 280 रनों की बढ़त मिली. उसने ऑस्ट्रेलिया को फॉलोऑन नहीं दिया, लेकिन उसकी दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 45 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए. इस तरह से अब पाकिस्तान की कुल बढ़त 325 रन हो गई है.

कोहली और शास्त्री आज सीओए के साथ बैठक करेंगे, हो सकते हैं ऑस्ट्रेलिया टूर से जुड़े अहम फैसले

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रशासकों की समिति (सीओए) बुधवार को टीम इंडिया के मुख्य कोच रवि शास्त्री और कप्तान विराट कोहली के साथ बैठक करेगी. इसमें चयन समिति के सदस्य और भारतीय टीम के उप कप्तान अजिंक्य रहाणे भी हिस्सा लेंगे. बैठक में ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे पर चर्चा की जाएगी.

आज का राशिफल

मेषः लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए अनुकूल दिन है। गणेशजी बताते हैं कि आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक है। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव करेंगे।

वृषभः आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायता करेंगे। शुभकार्य करने की प्रेरणा मिलेगी ।

मिथुनः द्विधा में उलझा हुआ आपका मन महत्त्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेगा। वैचारिक तूफान से मानसिक अस्वस्थता अनुभव कर सकते हैं।

कर्कः शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा।

सिंहः पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति से दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद प्राप्त कर सकगें।

कन्याः आज के लाभदायक दिन से आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। वाकपटुता और मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्दपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

तुलाः आज के दिन जरासा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता उग्र तकरार कराएंगी, ऐसी आशंका है।

वृश्चिकः नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन करेंगे, विवाह हेतु युवक-युवतियों के विवाह के लिए सुनहले अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा।

धनुः आज का दिन शुभ फल प्रदान करनेवाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। ऊपरी अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिए अनुकूलता और प्रतिकूलता से मिश्रित फलदायी रहेगा। बौद्धिक कार्य और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे और उन्हे अपनाएंगे।

कुंभः अनैतिक कृत्यों से दूर रहें। क्रोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। प्रत्येक व्यक्ति , वस्तु या घटना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखें। व्यर्थ व्यय से बचें।

मीनः दैनिक कार्यों में से छुटकर आज बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। परिजन और मित्रों का भी इस प्रवृत्तियों में समावेश करेंगे, जो कि उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी। शारीरिक और मानसिकरूप से आप दिनभर प्रफुल्लित रहेंगे।

खाना/खजाना- व्रत में इस तरह से बनाएं तीखा व चटपटा साबूदाना खिचड़ी

आज से नवरात्रि पर्व का आगाज हो चुका हैं। यह पर्व नौ दिनों तक मनाया जाता हैं, इसमे माँ दुर्गा के नौ रूपो की पुजा की जाती हैं। ऐसे में माँ दुर्गा के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए पुजा-पाठ और व्रत आदि करते हैं। ऐसे में आज हम आपको इस नवरात्रि के नौ दिनों में चावल के टोटके के बारे में आपको बताने जा रहे हैं।

जिसे करके आप अपनी सारी मनोकामना, चाहे वह धन, नौकरी, बिजनेस और शादी से जुड़ी कोई समस्या हो, इसको करके आप अपनी तमाम समस्याओं से छुटकारा पा सकते है। हिंदू धर्म में चावल को काफी महत्त्व दिया गया हैं। जब भी हम किसी को . तिलक लगाते हैं तो कुमकुम के साथ चावल का भी उपयोग किया जाता हैं, इसके अलावा पुजा-पाठ में भी चावल का इस्तेमाल किया जाता हैं।

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. निराश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (त.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. उदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (ड.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आसक्तिक, अरोही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 54 का हल

चु	स्त	■	मु	■	सं	स्था	न	■
ग	■	म	र्दा	न	गी	■	त	म
ली	प	ना	■	■	त	न	■	■
■	ना	ना	■	■	■	■	ज	■
मा	ह	■	रा	■	सा	ज	न	■
न	■	स	ह	दे	व	■	म	द
व	■	म	■	व	न	ज	■	ल
ता	क	त	व	र	■	मी	■	द
■	ल	ल	क	■	क	र	त	ल

सू-दोकू

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें ... वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 54 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4